प्रश्न पूछने से मदद मिल सकती है

जीवन के अन्तिम दिन बिताने वाले लोगों के मित्रों व देखभाल कर्ताओं के लिए

चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ़ ने आपको बता दिया है कि आपका रिश्तेदार/मित्र जीवन के आख़िरी दिन बीता रहा है। इस ख़बर से आपका दिल टूट जाता है या आप रुक कर बस 'साँस लेना चाहते हैं' और सोचना चाहते हैं कि आपको क्या प्रश्न पूछने चाहिएँ। इस प्रश्न सूची का लक्ष्य यह है कि अपने रिश्तेदार/मित्र की बीमारी व उसके इलाज के विकल्पों के बारे में जो जानकारी आपको चाहिए, उसे प्राप्त करने में आपकी सहायता की जा सके।

प्रश्नों को विषयों के अंतर्गत बाँटा गया है। आपको पता चलेगा कि हर शीर्षक के अंतर्गत दिए गए सभी प्रश्न आपके लिए उपयुक्त नहीं हैं व कुछ प्रश्न ऐसे भी हो सकते हैं जिनके बारे में आप अपने रिश्तेदार/मित्र के बिना या उसके सामने नहीं पूछ सकते हैं। हमारा सुझाव है कि आप पहले शीर्षकों को पढ़ लें और फिर निर्णय लें कि आप इस विषय के बारे में प्रश्न पूछना चाहते हैं या नहीं।

वे प्रश्न जो हो सकता है परिवार के सदस्य/देखभालकर्ता पूछना चाहें

जीवन के अन्तिम दिनों में किस बात की आशा की जा सकती है और किस प्रकार के बदलाव आ सकते हैं
मैं आने वाले दिनों में क्या होने की आशा कर सकता हूँ?
अपने रिश्तेदार/मित्र में मैं क्या बदलाव देखूँगा?
यदि मेरा रिश्तेदार/मित्र बहुत कम खा रहा है तो मुझे क्या करना चाहिए?
यदि मेरा रिश्तेदार/मित्र अधिक खाता या पीता है तो क्या इससे उसका जीवन कुछ समय के लिए बढ़ जाएगा?
यदि मेरा रिश्तेदार/मित्र गहरी बेहोशी (coma) में चला जाता है तो उसके बाद क्या होगा?
क्या मेरा रिश्तेदार/मित्र गहरी बेहोशी में जा सकता है ?
मुझे कैसे पता चलेगा कि उसकी मृत्यु हो गई है ?

टिप्पणी:

एक दूसरे को सूचना देने की व्यवस्था
जब मेरा रिश्तेदार/मित्र अस्पताल में भर्ती होता है तो उसके बाद मेरी क्या भूमिका है ?
मुझे परिवार के अन्य लोगों को कब बुलाना चाहिए? उनसे मुझे क्या कहना चाहिए ? क्या आप उनसे बात कर सकते हैं ?
यदि मैं अपने रिश्तेदार/मित्र को जो देखभाल मिल रही है उसके बारे में चिन्तित हूँ तो मैं किस से बात कर सकता हूँ ?
मैं स्वास्थ्य व्यवसायियों की किस प्रकार सहायता कर सकता हूँ जिससे वे मेरे रिश्तेदार/मित्र के व्यक्तित्व/ संस्कृति के प्रति आदरपूर्ण हों ?
यदि जिस व्यक्ति की मैं देखभाल कर रहा हूँ वह पूछता है कि "क्या मेरी मृत्यु होने वाली है" तो मुझे क्या कहना चाहिए?
जब मेरा रिश्तेदार/मित्र अपने अन्तिम दिनों के नज़दीक पहुँचेगा तो क्या आप मुझे बता पाएँगे?
डॉक्टर किस समय वार्ड में मरीजों को देखने के लिए चक्कर लगाते हैं?

टिप्पणी:

जीवन के अन्तिम दिनों में घर पर देखभाल करना
यदि मैं घर पर देखभाल नहीं कर सकता तो क्या होगा ?
जो मेरे रिश्तेदार/मित्र को हो रहा है उसके बारे में अन्य लोगों को मैं कैसे बताऊँ ? इस संबंध में क्या मुझे मदद मिल सकती है ?

टिप्पणी:

इसके बाद क्या होगा ?
यदि इस व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो इसके बाद क्या होगा (जैसे कि उनके शव को क्या करते है, उनके अंतिम संस्कार का प्रबंध कैसे करें) ?
व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के बाद परिवार को क्या सहायता उपलब्ध होती है ?

टिप्पणीः

अन्य प्रश्न/टिप्पणीः

उपयोगी संपर्क नम्बर

	नाम	संपर्क नम्बर
नर्स मैनेजज़र		
मेडिकल ऑफ़िसर		
सामाजिक कार्यकर्ता		
पुरोहित/मौलवी/पादरी सेवा		
दुभाषिया सेवा		

Last Days of Life

CLINICAL EXCELLENCE COMMISSION

Adapted with permission from *Asking questions can help: an aid for people seeing the palliative care team* © Josephine Clayton, Phyllis Butow, and Martin Tattersall, University of Sydney, 2002

Released April 2016 © Clinical Excellence Commission SHPN (CEC) 160139